1592.नया अन्तर्देशीय आद्यान (Container) डिपो निकट भविष्य में राजस्थान में स्थापित होगा–

(a) जयपुर में (b) कोटा में
(c) जोधपुर में (d) उदयपुर में

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या–राजस्थान के कोटा शहर में अन्तर्देशीय आद्यान केन्द्र की स्थापना की गई है। परन्तु नया अन्तर्देशीय आद्यान डिपो जयपुर के कनकपुर में स्थापित किया जा रहा है।

1593. मार्च 2017 तक राजस्थान में सड़कों की कुल लम्बाई कितनी थी?

(a) 2,26,833.86 किमी.
(b) 1,55,972.56 किमी.
(c) 30,313.23 किमी.
(d) 1,76,481.99 किमी.

संगणक भर्ती परीक्षा-2018
RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (a) : मार्च, 2017 तक राजस्थान में सड़कों की कुल लम्बाई 2,26,833.86 किमी थी।
31 मार्च, 2021 तक राजस्थान में सड़कों की कुल लम्बाई 2,72959.28 किमी. थी। राजस्थान का सड़क घनत्व 79.76 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी. है। जबकि भारत का सड़क घनत्व 161.71 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी है।

1594. राजस्थान का प्रथम रोप-वे किस जिले में प्रारम्भ किया गया था?

(a) उदयपुर (b) जालौर
(c) जयपुर (d) अजमेर

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (b) : राजस्थान का पहला रोपवे जिला "जालौर" को बनाया गया था। यह अरावली की सुधा पहाड़ियों में स्थित है। इसकी स्थापना 20 दिसम्बर-2006 को की गयी थी। राजस्थान सरकार ने हाल ही में रोप-वे अधिनियम और रोप-वे नियमों को लागू किया है। जिससे रोप-वे की स्थापना को सुगम बनाया जा सके।

1595. राजस्थान के किशनगढ़ एयरपोर्ट से 1अप्रैल 2019 को निम्नलिखित में से कौन सा हवाई-मार्ग शुरू हुआ?

(a) किशनगढ़ - दिल्ली
(b) किशनगढ़ - अहमदाबाद
(c) हैदराबाद - किशनगढ़
(d) चेन्नई - किशनगढ़

RPSC-2018

Ans. (b) : राजस्थान के किशनगढ़ एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए हवाई सेवा अप्रैल 2019 को शुरू की गई थी। किशनगढ़ एयरपोर्ट अजमेर में स्थित है। इसका उद्घाटन 11 अक्टूबर 2017 को किया गया था।

1596. निम्न में से कौन सा नगर पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर से जुड़ा नहीं है? (एन एच डी पी-II)

(a) कोटा (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) चित्तौड़गढ़

कनिष्ठ अभियंता (सिविल)- 18-05-2022
RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018

Ans. (c) : राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना- **II** (एन.एच.डी.पी.-**II**) पूर्व पश्चिम कारिडोर असम राज्य के सिल्चर को गुजरात के पोरबंदर से जोड़ता है। यह गलियारा राजस्थान के सात जिले से होकर गुजरता है–कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बूंदी, सिरोही और बारा। अतः स्पष्ट है कि यह जयपुर से होकर नहीं गुजरता।

1597. उत्तर-दक्षिण गलियारा राजस्थान के किस जिले से गुजरता है?

(a) जयपुर (b) दौसा
(c) धौलपुर (d) सवाई माधोपुर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : उत्तर-दक्षिण गलियारा राजस्थान के धौलपुर जिले से गुजरता है। यह भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है। यह जम्मू-कश्मीर से प्रारम्भ होकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु तक जाता है।

1598. जयपुर मैट्रो रेल की व्यावसायिक सेवाओं की शुरूआत किस वर्ष में हुई?

(a) 2011 (b) 2013
(c) 2015 (d) 2010

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I
उद्योग निरीक्षक परीक्षक- 2018
कम्पाइलर परीक्षा- 21-08-2016

Ans. (c) : देश की सबसे तेज पूर्ण होने वाली मेट्रों परियोजनाओं में एक 'जयपुर मेट्रों रेल' का परिचालन 3 जून, 2015 से शुरू हुआ। प्रथम चरण में यह मानसरोवर से चांदपोल बाजार तक लगभग 9.63 किमी. लम्बी दूरी तक चलायी गयी। इसका लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया था। जयपुर मेट्रो की पूरी लम्बाई 11.97 किमी. है। इसका निर्माण वर्ष 2010 में शुरु किया गया जो 2014 में पूर्ण हुआ। जयपुर मेट्रो भारत की पहली मेट्रो है। जो दो मंजिला एलिवेटेड रोड एवं मेट्रो ट्रैक पर चलती है।

1599. किस जिले में स्थित 'मियां का बाड़ा' रेलवे स्टेशन का नाम महेश नगर हॉल्ट कर दिया गया है?

(a) बाड़मेर (b) बीकानेर
(c) जोधपुर (d) जयपुर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : राजस्थान के बाड़मेर जिले के बालोतरा में स्थित मियां का बाड़ा रेलवे स्टेशन का नाम मई 2022 मे बदलकर महेश नगर हाल्ट कर दिया गया है।

1600. 'डबोक' हवाई अड्डा------जिले में स्थित है।

(a) डूंगरपुर (b) राजसमंद
(c) उदयपुर (d) बांसवाड़ा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : "डबोक हवाई अड्डा" उदयपुर जिले में स्थित है इसको महाराणा प्रताप हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है। यह एक घरेलू हवाई अड्डा है।

1601. 'उत्तरलाई सिविल एयरपोर्ट' स्थित है–

(a) जालौर में (b) बारां में
(c) जैसलमेर में (d) बाड़मेर में

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहा.भर्ती परीक्षा-2019
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I